छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक – 237 प्रकरण क्रमांक –**SM-URP-2024-02372**

आवेदक : छत्तीसगढ़ रेरा विरूद्ध मेसर्स रामपुरिया बिल्डर्स लि., डायरेक्टर–(1) श्री दिनेश रामपुरिया, (2) श्रीमती शांति रामपुरिया, (3) श्रीमती कामिनी रामपुरिया, पता–रामपुरिया टॉवर, रामसागर पारा, रायपुर (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
06/05/2024	– प्रकरण प्रस्तुत। – अनावेदक मेसर्स रामपुरिया बिल्डर्स लिमि., द्वारा–डायरेक्टर–(1) श्री दिनेश रामपुरिया, (2) श्रीमती शांति रामपुरिया, (3) श्रीमती कामिनी रामपुरिया, पता–रामपुरिया टॉवर, पता–तात्यापारा, जिला–रायपुर (छ.ग.) खसरा नं.–1514 एवं अन्य खसरा नंबर, कुल रकबा–8.09 हेक्टेयर के भूखण्ड को विकसित किये जाने हेतु विकास अनुज्ञा क्रमांक–21185 प्राप्त की गई है। प्राधिकरण के समक्ष उक्त परियोजना का पंजीयन हेतु कोई आवेदन अनावेदक/प्रमोटर द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। रजिस्ट्रार, छ.ग. रेरा द्वारा प्रतिवेदन दिनाँक 05.03.2024 के अनुसार यह पाया गया है कि संबंधित प्रमोटर द्वारा धारा–3 के अधीन प्राधिकरण के समक्ष पंजीयन नहीं करवाकर अधिनियम की धारा–59 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जो कि दण्डनीय है। अतः प्राधिकरण द्वारा अनावेदक के विरूद्ध दिनाँक 19.04.2024 को प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। – प्राधिकरण द्वारा प्रश्नाधीन प्रोजेक्ट से संबंधित समस्त दस्तावेजों का अवलोकन व अध्ययन किया गया। अनावेदक द्वारा प्रश्नाधीन प्रोजेक्ट का छ.ग. रेरा में दिनाँक 29.06.2019 को पंजीकृत किया जा चुका है, जिसका पंजीयन क्रमांक–PCGRERA290619001003 है। अतः प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं होने के कारण प्रकरण समाप्त किया जाता है। – आदेश की प्रति प्राधिकरण के वेबपोर्टल पर अपलोड की जावे। – प्रकरण नस्तीबद्ध कर अभिलेख कोष्ठ में दाखिल किया जावे। सही/– सही/– (धनंजय देवांगन) (संजय शुक्ला) सदस्य अध्यक्ष	